# भारतीय जनता पार्टी

**(केंद्रीय कार्यालय)**

11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

फोन: 011-23005700, फैक्स: 011-23005787

12 दिसंबर, 2015

## भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्रीकांत शर्मा की ओर से जारी प्रेस वक्तव्य

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री श्रीकांत शर्मा ने आज कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ हमला बोला और कांग्रेस पर झूठी आरोपों की राजनीति करने का आरोप लगाया।

भाजपा सचिव श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने डेढ़ साल के भीतर ही शीर्ष पदों पर भ्रष्टाचार खत्म कर सुशासन का मार्ग प्रशस्त किया है, साथ ही अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी और वर्षों से लंबित आर्थिक सुधारों को भी लागू करने की दिशा में त्वरित कदम उठाए हैं।**

श्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि 18 माह के कार्यकाल में मोदी नेतृत्व की भाजपा गठबंधन की सरकार ने देश के सामाजिक आर्थिक विकास के लिए महत्त्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के सशक्तीकरण, समाज-कल्याण और उसके साथ ही देश के विकास दर को दहाई अंक में ले जाने का आधार तय किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 18 माह के कार्यकाल में देश ही नहीं दुनिया में भारत और भारतीयों का सम्मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने18 माह के कार्यकाल में कांग्रेस-नीत गठबंधन सरकार के समय नीतिगत निर्णय के अभाव में ठप्प पड़ी 85 परियोजनाओं में से 65 परियोजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। वर्तमान मोदी नेतृत्व की भाजपा गठबंधन की सरकार सरकार में कोयला उत्पादन तेजी से बढ़ा है तथा बिजली के उत्पादन में भी 8.5% की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आजादी से लेकर आज तक लगभग 18000 गाँवों में बिजली नहीं पहुँची है। उन्होंने कहा कि हमने 100 दिन के अंदर ही 3004 गाँवों तक बिजली पहुँचाने का कार्य किया है और अब हमने अगले 1000 दिनों में लगभग सभी गाँवों तक बिजली पहुँचाने की योजना तैयार की है।

श्री शर्मा ने कहा कि मुद्रा बैंक के माध्यम से लगभग 66 लाख गरीब युवाओं को स्वरोजगार देने के लिए काफी आसानी से बिना किसी गारंटी के ऋण उपलब्ध कराया गया है। यही नहीं, हमने

100 शहरों में एलईडी बल्ब लगाने का कार्यक्रम भी शुरू किया है जिसके चलते लगभग 21500 मेगावाट बिजली की बचत होगी। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस-नीत गठबंधन के शासनकाल में प्रतिदिन मुश्किल से 2-3 किलोमीटर सड़क बनती थी जबकि हमने 18 माह की छोटी सी अवधि में 16 किलोमीटर प्रति दिन के हिसाब से सड़क निर्माण का कार्य करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 30 किलोमीटर प्रति दिन सड़क निर्माण का है। भाजपा सचिव ने कहा कि **आज के दिन भारतीय रेलवे के 162 वर्षों के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है जब भारत ने बुलेट ट्रेन के लिए जापान से समझौता किया है।** श्री शर्मा ने कहा कि इसके लिए भाजपा के तरफ से मोदी नेतृत्व की भाजपा गठबंधन की सरकारकी सरकार को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ। उन्होंने कहा कि **अब मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत अब जापान को कारों का निर्यात भी करने जा रहा है जो अपने आप में सफलता की एक नई कहानी कहता है।**

भाजपा सचिव श्री शर्मा ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की विकास कार्यों के लिए की गई पहल की सफलता से कांग्रेस पार्टी घबड़ा गई है और वह इसी व्याकुलता में केंद्र की भाजपा-नीत मोदी नेतृत्व की भाजपा गठबंधन की सरकार सरकार पर झूठे और अनर्गल आरोपों की राजनीति करने लग गई है। श्री शर्मा ने कहा कि अब तक श्रीमती सोनिया गाँधी और राहुल गाँधी 2014 के लोक सभा चुनावों की अप्रत्याशित हार को पचा नहीं पाये हैं। उन्होंने कहा कि **अब कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय पर बौखलाहट में झूठे आरोप लगाने पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के झूठ और असहिष्णुता की पराकाष्ठा है और भाजपा कांग्रेस को चुनौती देती है कि अगर कांग्रेस पार्टी के पास कोई तथ्य हैं तो उन्हें इसे जनता के बीच लाना चाहिए नहीं तो उन्हें अपने झूठे आरोपों के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।** उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक तरफ तो संसद की कार्यवाही को बाधित कर रही है वहीं दूसरी तरफ राहुल गाँधी गलत बयानबाजी कर रहे हैं और प्रधानमंत्री कार्यालय पर तथ्यविहीन आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी अब झूठ बोलने की मशीन बन गए हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि **दुर्भाग्य से कांग्रेस पार्टी अपने नेताओं के हितों की खातिर संसद की कार्यवाही में व्यवधान डालकर न सिर्फ सुधारों की राह में रोड़ा अटका रही है बल्कि वह करोड़ों गरीबों और मजदूरों के हितों पर कुठाराघात भी कर रही है।** उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही में व्यवधान डालने के लिए कांग्रेस पार्टी का नया बहाना नेशनल हेराल्ड मामला है जो अदालत के

समक्ष विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि एक आंकड़े के अनुसार इस मामले में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उपाध्यक्ष राहुल गांधी पर नेशनल हेराल्ड की पांच हजार करोड़ रुपये की संपत्ति हथियाने के आरोप हैं। उन्होंने कहा कि कानून इस मामले में कार्रवाई कर रहा है लेकिन कांग्रेस पार्टी इसका सहारा लेकर संसद की कार्यवाही को बाधित करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वैसे यह पहला मौका नहीं है जब कांग्रेस पार्टी ने संसद की कार्यवाही बाधित की है। श्री शर्मा ने कहा कि मई 2014 के लोक सभा चुनाव में बुरी तरह पराजित होने के बाद कांग्रेस पार्टी ने सोलहवीं लोक सभा के पहले सत्र से ही सदन की कार्यवाही में व्यवधान डालने की शुरुआत कर दी थीऔर अब मौजूदा सत्र को नेशनल हेरालड मामले के बहाने बाधित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोक सभा दस विधेयक पारित कर चुकी है लेकिन इन्हें राज्य सभा की मंजूरी का इंतजार है। उन्होंने कहा कि इनमें अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण जीएसटी सहित मजदूरों के हितों की रक्षा करने वाला बोनस भुगतान संशोधन विधेयक शामिल है।

भाजपा सचिव श्री शर्मा ने कहा कि इस तरह कई महत्वपूर्ण विधेयक संसद में लंबित रहने पर कांग्रेस का यह गैर जिम्मेदाराना रवैया कई सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि क्या कांग्रेस के लिए श्रीमती सोनिया गांधी और श्री राहुल गांधी के हित देश की सवा अरब जनता के हितों से अधिक महत्वपूर्ण हैं? उन्होंने कहा कि क्या श्रीमती सोनिया और श्री राहुल गांधी के हित देश के करोड़ों गरीबों और मजदूरों से अधिक महत्वपूर्ण हैं? उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी को अपने नेतृत्व पर भरोसा है तो फिर वह अदालत की कार्यवाही से क्यों डर रही है? श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को देश की जनता को इन सवालों के जवाब देने होंगे।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री श्रीकांत शर्मा ने कहा कि **संसद की कार्यवाही में व्यवधान डालकर कांग्रेस पार्टी 'दस जनपथ' के अनुचित लाभ के लिए सवा अरब लोगों के हितों की आहूति दे रही है**। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के गैर-जिम्मेदाराना रवैये से गरीबों और मजदूरों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को संसद में बाधक की भूमिका छोड़कर नेशनल हेराल्ड मामले में जांच में सहयोग करना चाहिए और देश की प्रगति में योगदान करना चाहिए।

**(श्री अरुण कुमार जैन)**
*कार्यालय सचिव*